भज मनवा नाम तुम्हारे

जन्म जन्म दोउ तेरे चरण को ऐसे कर्म हो हमारे,
भज मनवा नाम तुम्हारे,
ऐसा वर दो अपने शरण लो राम नाम हो सहारे,
भज मनवा नाम तुम्हारे,

तुम ने सब को मोक्ष दियां भव सागर किया पार,
मेरी भी सुनले अर्ज हे दाता विनती वारम वार,
दर्शन पाउ तुझे वसाउ ऐसे हो नैन हमारे,
भज मनवा नाम तुम्हारे,

तन भी तेरा मन भी तेरा तू ही तो सबके खिवईयाँ,
बीच भवर में छोड़ न मुझको पार लगा देना नैया,
तड़प में तुम हो धड़क में तुम हो,
ऐसे हो सांस हमारे भज मनवा नाम तुम्हारे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15539/title/bhaj-manwa-naam-tumhare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |